एक नजर में

## जिनशासन ने श्रेष्ठ संस्कारों की धरोहर सौंपी



इंदौर. जिनशासन ने देश और दुनिया को सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, करुणा, दया, परोपकार और श्रेष्ठ संस्कारों की ऐसी धरोहर सौंपी है जो युगों-युगों तक बिना किसी पक्षपात और भेदभाव के जीव मात्र का उद्धार करने में सक्षम है. भगवान पार्श्वनाथ ने भी 23वें तीर्थंकर के रूप में समूचे समाज को सत्य, अहिंसा, अचौर्य और अपरिग्रह जैसे चार व्रत दिए हैं, जो हर युग में प्रासंगिक हैं. ये प्रेरक आशीर्वचन हैं पंयास प्रवर योगरुचि विजय के, जो उन्होंने बुधवार को द्वारकापुरी स्थित शीतलनाथ जैन श्वेताम्बर मंदिर के 25वें ध्वजारोहण महोत्सव में 108 भगवान पार्श्वनाथ के महापूजन और उनकी महत्ता बताते हुए व्यक्त किए. धर्मसभा में वर्धमान तपोनिधि प्रियदर्शन विजय एवं नंदीरुचि विजय म.सा. आदिठाणा की पावन निश्रा भी प्राप्त हुई. प्रारम्भ में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय नाहर, उपाध्यक्ष सुशील कुकड़ा एवं सचिव चेतन भंडारी, अमृत मूणत, विनोद कोठारी, रीतेश सेखावत, सतीश जैन एवं दिनेश धींग आदि ने समाज बंधुओं की अगवानी की. इसके पूर्व ध्वजा महोत्सव के चतुर्थ सौपान पर नवकारसी सहित महोत्सव की विभिन्न क्रियाएँ भी विधिकारक के निर्देशन में सम्पन्न हुई. आयोजन में वीरमणि युवामित्र मंडल, शीतलनाथ महिला मंडल, सामायिक मंडल, श्रीसंघ एवं ध्वजा महोत्सव से जुड़े सैकड़ों बंधु भागीदार बने हुए हैं. महोत्सव में 7 मई को सुबह श्रीसिद्धाचल नवाण प्रभारी महापूजन की आराधना एवं रात्रि में 7 बजे से प्रभु मणिभद्रवीर की संगीतमय महाआरती एवं भजन संध्या होगी.

## जैन बाल संस्कार शिविर का आयोजन



इंदौर. छावनी स्थित सन्मति स्कूल में यंग जैन स्टडी ग्रुप का 11 वां जैन बाल एवं युवा संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन शुरू हो गया है. शिविर का शुभारंभ श्री जी के जुलूस व ध्वजारोहण से धूम धाम से हुआ. शिविर में इस वर्ष पहले ही दिन करीब 2100 बच्चों व बड़ों ने भाग लिया. इस शिविर का संचालन माइक्रोसॉफ्ट अमेरिका में पूर्व डिजाइनर इंजीनियर प्रकाश छाबड़ा के मार्गदर्शन में किया जाता है. शिविर मे सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा महामंत्री, हर्ष जैन अपनी टीम के साथ सभी विद्यार्थियो के मनोबल बढ़ाने के लिए वहां विराजमान तीर्थंकर मुनिसुव्रतनाथ भगवान का अभिषेक देख कर पुजा अर्चना की एवं सभी बच्चों को धर्म प्रति अच्छे कार्य करने का संदेश दिया. बच्चे अपने अपने क्षेत्र से रोज सुबह 6.30 बजे तक शिविर में पहुंच जाते हैं. जहां सबसे पहले वहां विराजमान श्रीजी के अभिषेक देखने को मिलते है, फिर सभी धुले हुए अष्टद्रव्यो से लय ताल के साथ पूजन करना सीखते हैं. शिविरार्थियों को जैन दर्शन के मूल सिद्धांत, णमोकार मंत्र, पांच पाप, छह द्रव्य, 7 तत्व, जीव अजीव, कर्म सिद्धांत, अनुयोग आदि जटिल विषयों को सरलता से समझाया जाता है. प्रचार प्रमुख प्रवीण जैन ने बताया कि शिक्षकों द्वारा प्रश्नों के उत्तर देने पर रोज इनाम भी मिलता है. इस शिविर की सबसे खास बात ये है कि ये शिविर पूर्णत: नि:शुल्क रहता है. शिविर के चौथै दिन पर समासेवी नवीन गोधा, कैलाश वेद, अजय मिंटा, प्रमोद पहाडिया, अखिलेश जैन, अंतिका-शिवानी गोधा नीलम बडजात्या चंदा बडजात्या जितेन्द्र पोरवाल संजय बडजात्या सतीश कासलीवाल के साथ सभी समाज जन शामिल हुए.

## वीरमणि आदिनाथ जैन मंदिर का शिलान्यास महोत्सव



इंदौर. सिलिकॉन सिटी स्थित श्री वीरमणि आदिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर का शिलान्यास महोत्सव गुरुदेवों की दिव्य कृपा एवं पावन निश्रा में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ. इस ऐतिहासिक अवसर ने सम्पूर्ण इंदौर जैन समाज को गौरवान्वित कर दिया. जानकारी देते हुए राजेश जैन युवा ने बताया कि यह मंदिर देवलोकवासी आचार्य वीररत्नसूरीश्वर महाराज साहेब को समर्पित होगा. सूरिमंत्र आराधक परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर महाराज एवं पंन्यास प्रवर ऋषभरत्न विजय महाराज साहेब की प्रभावशाली प्रेरणा तथा पंन्यास प्रवर योगरुचि विजय महाराज साहेब की पुण्य निश्रा ने पूरे आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया. वर्तमान अध्यक्ष सुनील श्रीमाल ने स्वागत उद्बोदन दिया. सचिव विमल मेहता तथा सहयोगी संजय व्होरा, ललित चौरड़िया एवं अंकित रांका के साथ मिलकर संगठन और सेवा का जो अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, उसकी समाज में व्यापक सराहना हुई. इस अवसर पर चेन्नई निवासी गौतम गुलेच्छा परिवार का विशेष योगदान भी चर्चा का विषय रहा. कार्यक्रम की एक और विशेषता यह रही कि सिलिकॉन सिटी श्रीसंघ के छोटे से निमंत्रण पर शहर की अनेक प्रतिष्ठित गणमान्य एवं धर्मप्रेमी समाजजनों के साथ क्षेत्रीय विधायक मधु वर्मा एवं श्वेताम्बर महासंघ के अध्यक्ष विजय मेहता उपस्थित थे. आभार आनंद लुनिया ने माना.

## कमिश्नर से लायंस पदाधिकारियों की भेंट



इंदौर. नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंगल से आज लायंस इंटरनेशनल के इमेज बिल्डिंग चेयरपर्सन लायन दिनेश कुमार रणधर एवं लायन आशीष ओझा ने सौजन्य भेंट की. लायन रणधर ने आयुक्त को स्वच्छता में इंदौर को लगातार देश में प्रथम स्थान मिलने पर बधाई दी एवं इको-फ्रेंडली स्मृति चिन्ह भेंट किया. स्वस्थ इंदौर मिशन के तहत वायु एवं जल प्रदूषण से बचाव पर चर्चा हुई. इस दौरान पेटेंटेड नैनो फाइबर तकनीक से बने मास्क, नेट, हीट-प्रूफ उत्पादों के साथ-साथ घरेलू जल शुद्धिकरण के लिए हर्बल एवं इको-फ्रेंडली सॉल्यूशन का भी प्रदर्शन किया गया. इससे पूर्व महापौर पुष्यमित्र भार्गव से भी भेंट कर चर्चा की जा चुकी है. लायन रणधर ने बताया कि ये तकनीक एवं हर्बल उपाय नागरिकों को बैक्टीरिया-मुक्त, कार्बन-मुक्त शुद्ध वायु तथा प्रदूषित जल को पीने योग्य बनाने में मदद कर सकते हैं. इससे इंदौरवासी घर पर ही स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित कर सकेंगे. आयुक्त सिंगल ने स्वच्छ इंदौर के साथ स्वस्थ इंदौर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि जल एवं वायु शुद्धता के लिए ऐसे जन-उपयोगी प्रयासों का स्वागत है. लायंस इंटरनेशनल नगर निगम के साथ सीएसआर गतिविधियों में सहयोग के लिए तत्पर है.

## आधार अपडेशन के लिए महाअभियान 9 मई को

इंदौर. आधार कार्ड बनवाने अथवा उसका अपडेशन कराने के लिए आम आदमी को बहुत श्रम करना पड़ता है. इस परेशानी से निजात दिलाने के लिए पोस्टल डिपार्टमेंट ने एक अनूठी पहल की है. सांसद प्रतिनिधि रामस्वरूप मूंदड़ा ने बताया कि शनिवार 9 में को इंदौर के सभी प्रमुख डाकघर जैसे जीपीओ, प्रधान डाकघर पुराने श्री कृष्ण टॉकीज के पास, नंदानगर, कनाडिया, वल्लभनगर, सुदामा नगर, राजेंद्र नगर, राज मोहल्ला, खातीवाला टैंक सहित सभी प्रमुख डाकघर पर प्रात: आठ से शाम 6 बजे तक आधार अपडेशन का सभी कार्य किया जाएगा. इसमें नए आधार बनाने से लेकर नाम पता जन्म तिथि मोबाइल ईमेल आदि अपडेशन बायोमैट्रिक अपडेट, मोबाइल लिंक अपडेट तथा आधार प्रिंट अथवा डाउनलोड का काम किया जाएगा. जिस भी व्यक्ति को अपने आधार कार्ड से लेकर समस्या है वह आवश्यक दस्तावेज लेकर प्रधान डाकघर में प्रथम आठ से लेकर शाम 6 तक पहुंच सकता है।

# पिकअप ने 2 छात्राओं को उड़ाया, एक की मौत

- स्कूटी से पितृ पर्वत से लौट रहीं थीं छात्राएं
- टक्कर के बाद उछलकर 20 फीट दूर जाकर गिरीं दोनों




नव भारत न्यूज

**इंदौर. एरोड्रम रोड पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने स्कूटी सवार दो छात्राओं को टक्कर मार दी. हादसे में 18 वर्षीय छात्रा प्रिया उर्फ प्रियांशी की मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना रविवार शाम की बताई जा रही है, जिसका सीसीटीवी वीडियो बुधवार को सामने आया.**

पुलिस के मुताबिक जम्बूड़ी हप्सी में रहने वाली 18 वर्षीय प्रिया निजी स्कूल में 12वीं की छात्रा थी. वह अपनी सहेली के साथ स्कूटी नम्बर एमपी 09 डीपी 5172 से पितृ पर्वत घूमने गई थी. शाम करीब 6.30 बजे लौटते समय एरोड्रम रोड पर मेट्रो निर्माण के चलते बनाए गए डायवर्सन के पास तेज रफ्तार पिकअप एमपी 09 जीजे 2636 ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर 15-20 फीट दूर जा गिरीं. इसमें प्रिया गंभीर रूप से घायल हो गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी सहेली को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है. पुलिस ने पिकअप वाहन जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है, हादसे के कारणों की जांच के साथ चालक की तलाश भी की जा रही है.

**जहां हादसा हुआ, वहां चल रहा मेट्रो निर्माण का काम**

हादसे के बाद परिजन और स्थानीय लोगों में आक्रोश है. बताया जा रहा है कि जिस जगह हादसा हुआ, वहां मेट्रो निर्माण का काम चल रहा है. हीकागिरी के आगे डायवर्सन बनाया गया है. ऐसे में सड़क की स्थिति बदली हुई थी. हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. पुलिस ने पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है. हादसा तेज रफ्तार से हुआ या डायवर्सन और सड़क की स्थिति भी कारण रही.

# पूर्व कर्मचारी ने ऑफिस में की थी 1 .70 लाख की चोरी

नव भारत न्यूज

इंदौर. विजयनगर पुलिस ने एक ऑफिस में हुई 1.70 लाख रुपए की चोरी का चंद घंटों में खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. हैरानी की बात यह रही कि वारदात को अंजाम देने वाला उसी ऑफिस का पूर्व कर्मचारी निकला, जिसने नौकरी से निकाले जाने के बाद बदला लेने की नीयत से चोरी की. 5 मई 2026 को फरियादी दीपक काले निवासी पुष्प विहार एक्सटेंशन ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एनआरके बिजनेस पार्क पीयू 4 स्थित उनके ऑफिस से दराज में रखे 1.70 लाख रुपए चोरी हो गए हैं. मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने आसपास के 150 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की. फुटेज में हेलमेट और रूमाल से चेहरा ढके एक संदिग्ध युवक को ऑफिस आते जाते देखा. साइबर सेल और मुखबिर तंत्र की मदद से उसकी पहचान 28 वर्षीय संजय बड़ोदिया निवासी शांति नगर, मुसाखेड़ी के रूप में हुई. इस पर पुलिस ने संजय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया. आरोपी ने बताया कि वह पहले इसी ऑफिस में काम करता था, लेकिन कुछ दिन पहले उसे नौकरी से निकाल दिया था. इसी बात से नाराज होकर बदला लेने के लिए उसने ऑफिस की रेकी की और मौका पाकर दराज से नकदी चुरा ली. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1.50 लाख रुपए नकद बरामद कर लिए हैं. शेष 20 हजार रुपए आरोपी ने खर्च करना बताया, मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.



# मदद के बहाने युवती ने बुलाया, साथियों संग यात्री को लूटा

- तीन इमली बस स्टैंड पर की वारदात
- 26 हजार नकद व मोबाइल छीना, 3 आरोपी गिरफ्तार

इंदौर. आजाद नगर थाना क्षेत्र के तीन इमली बस स्टैंड पर एक युवती द्वारा मदद के बहाने यात्री को सुनसान जगह पर बुलाकर अपने दो साथियों संग लूट करने का मामला सामने आया है. आरोपियों ने बदनाम करने की धमकी देकर नकदी और मोबाइल छीन लिया. पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

घटना रात करीब 11 बजे की है. फरियादी झहर सिंह पिता लखपत सिंह निवासी चोखीढाणी, खंडवा रोड बस का इंतजार कर रहे थे. इसी दौरान रोशनी नाम की युवती अपने बच्चे के साथ आई और मदद मांगने लगी. उसकी बातों में आकर फरियादी उसके साथ बस स्टैंड के पीछे स्थित शौचालय की ओर चला गया. जैसे ही वह वहां पहुंचा, पहले से मौजूद युवती के साथी सुनील और मोनू निवासी कस्तूरबा ग्राम ने उसे घेर लिया.

**बदनाम करने की धमकी देकर की लूटपाट**

आरोपियों ने शोर मचाने पर बदनाम करने की धमकी दी और डराकर उसकी जेब में रखे 26 हजार रुपए नकद और इंफीनिक्स कंपनी का मोबाइल छीन लिया. विरोध करने पर मारपीट कर उसे वहां से भगा दिया. वारदात के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे. शिकायत के आधार पर आजाद नगर पुलिस ने रोशनी, सुनील और मोनू के खिलाफ लूट व धमकी की धाराओं में मामला दर्ज किया और जांच के बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया.

# शराब दुकानों पर सघन सफाई अभियान, कई अवैध ढाबे सील

- कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की कार्रवाई
- देर रात तक जारी रही जांच



**इंदौर. स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा सघन अभियान चलाया जा रहा है. शहर की सभी मदिरा दुकानों पर साफ-सफाई की जांच की जा रही है तथा गंदगी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जा रही है.**

अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीमों ने कल्याण मिल, मालवा मिल, गंगानगर, 140 नंबर, भमोरी, एमआर-11, कनड़िया, राजमोहल्ला, पलासिया, एमआर-10, परदेशीपुरा, राजेंद्र नगर और सब्जी मंडी सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया. जांच के दौरान दुकानों के आसपास गंदगी पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर अवैध रूप से संचालित ढाबों को बंद कराकर सील किया गया. बताया गया कि मदिरापान से संबंधित प्रकरण भी दर्ज किए गए हैं. विशेष रूप से कल्याण मिल क्षेत्र में स्थित मदिरा दुकान के आसपास संचालित ढाबों पर व्यापक कार्रवाई की गई.

**गंदगी मिलने पर होगी कार्रवाई**

कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार सभी मदिरा दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखना अनिवार्य किया गया है. स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि गंदगी मिलने पर संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. आबकारी विभाग द्वारा शहरभर में यह अभियान देर रात तक जारी रहेगा. सभी क्षेत्रों में मदिरा दुकानों के आसपास सफाई सुनिश्चित कराई जा रही है तथा अवैध ढाबों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है.



# नर्मदा का कंकर-कंकर बन जाता है शंकर

- खजराना गणेश मन्दिर में नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ



इंदौर. भगवान शंकर से माँ नर्मदा का बहुत गहरा सम्बन्ध है. नर्मदा की सबसे बड़ी महत्ता तो यही है कि इसका प्रत्येक कंकर 'शंकर' बन जाता है. जब भगवान शिव मेकल पर्वत पर गहरी तपस्या में लीन थे, तब उनके शरीर से निकली ऊर्जा और पसीने की बूंदों से एक पवित्र जल कुंड बना और उसी कुंड से जो दिव्य कन्या प्रकट हुई, उसी का नाम नर्मदा रखा गया. नर्मदा का शाब्दिक अर्थ होता है सुख देने वाली. यह देश की ऐसी जीवन रेखा है जो सुख, शांति और आनंद का स्रोत मानी जाती है.

ये विचार हैं नर्मदा परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री के, जो उन्होंने शहर में पहली बार खजराना गणेश मन्दिर स्थित सत्संग सभागृह पर अ.भा. दादा गुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की मेजबानी में प्रारम्भ हुए. दिवसीय नर्मदा चिंतन ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ सत्र में व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व अ.भा. दादागुरु परिवार इंदौर नर्मदा मिशन की ओर से राजेंद्र बंसल, नित्यम बंसल, संजय शर्मा, नारायण अग्रवाल, देवांग शर्मा, कैलाश बंसल, अनिल अग्रवाल, हर्ष जैन, नितिन अग्रवाल, स्वप्निल, अजय अग्रवाल, हरजीत मल्होत्रा आदि ने व्यास पीठ एवं नर्मदा पुराण ग्रन्थ का पूजन किया। मातृशक्ति की ओर से ज्योति बंसल, प्रेरणा बंसल सहित सैकड़ों महिलाओं ने परिक्रमावासी आचार्य पं. रविकांत शास्त्री की अगवानी की. कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में नर्मदा भक्त, परिक्रमावासी और नर्मदा तट स्थित धर्मस्थलों के संत-महंत भी आ रहे हैं. देश के तपोनिष्ठ संत दादागुरु भी इस पावन कथा को सानिध्य प्रदान करने 9 से 11 मई तक रहेंगे.

**दर्शन मात्र से हो जाता है पापों का शमन**

आचार्य रविकांत शास्त्री ने बहुत सुन्दर और सरल शब्दों में माँ नर्मदा की महत्ता बताते हुए कहा कि गंगा में स्नान करने से पापों का नाश होता है जबकि नर्मदा के तो दर्शन मात्र से ही व्यक्ति के पापों का शमन हो जाता है. यदि पूरी श्रद्धा और आस्था से माँ नर्मदा का स्मरण, पूजन, दर्शन और आचमन किया जाए तो व्यक्ति के जीवन के सभी तरह के कष्ट दूर हो जाते हैं. संयोजक राजेंद्र बंसल एवं नित्यम बंसल ने बताया कि कथा में गुरुवार 7 मई को माँ भगवती नर्मदा के प्राकट्य उत्सव का आयोजन होगा.

# सगाई टूटी तो मंगेतर की मां की कर दी हत्या

- मंदिर दर्शन के बहाने ले गया और 250 फीट खाई में धकेला
- 3 घंटे की मशक्कत के बाद निकाला शव



**महू. सगाई टूटने से नाराज एक युवक ने मंगेतर की मां को गहरी खाई में धक्का देकर हत्या कर दी. बुधवार सुबह करीब 5 बजे शुरू हुए रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन घंटे की मशक्कत के बाद लगभग 250 फीट गहरी खाई से शव निकाला गया.**

यह घटना मंगलवार शाम बड़गोंदा थाना क्षेत्र के छोटा अमरनाथ इलाके की है. मृतका की पहचान किरण चौबे (36 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से महोबा (यूपी) की रहने वाली थी और पीथमपुर की एक कंपनी में काम करती थी. उसका पति अवध बिहारी चौबे एमपीईबी में काम करता है, जो ब्रेन हेमरेज के कारण इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती है. पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है.

**पहले बहाना बनाया, फिर कहा... खाई में धक्का दे दिया:** कुछ देर बाद राहुल अकेला वापस लौटा और रागिनी से कहा कि उसकी मां पीछे आ रही हैं. इसके बाद वह बहाना बनाकर नीचे चला गया. कुछ समय बाद लौटकर उसने रागिनी को बताया कि उसने उसकी मां को खाई में धक्का दे दिया है. रात करीब 11 बजे रागिनी ने अपने भाई अनुराग को फोन पर घटना की जानकारी दी. एएसपी रूपेश द्विवेदी के मुताबिक, बुधवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया.

**पिता और भाई के विरोध करने पर टूटी सगाई**



मृतका किरण के बेटे अनुराग चौबे ने पुलिस को बताया कि बहन की सगाई बगोदा निवासी राहुल अटेरिया (18) से हुई थी. मुझे और पिता को यह रिश्ता पसंद नहीं था. इससे सगाई तोड़ दी गई. शुरूआत में मां इस रिश्ते के पक्ष में थीं, बाद में उन्होंने भी शादी से इनकार कर दिया था. इसी बात पर राहुल नाराज था. पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब 5 बजे किरण अपनी बेटी रागिनी के साथ घर से निकली थी, पीथमपुर के विशाल चौराहे पर राहुल पहले से उनका इंतजार कर रहा था. तीनों वहां से छोटा अमरनाथ पहुंचे. रागिनी पहाड़ी पर ही रुक गई, जबकि राहुल और किरण मंदिर दर्शन के लिए नीचे चले गए.

एक नजर में — मालवा उत्सव का कलाकारों द्वारा शुभारंभ, शिल्प बाजार हुआ गुलजार

# तलवार रास, प्राचीन गरबा धनगरी गाजा, गोवा का कुनबी, गुस्साड़ी ने जमाया रंग

**इंदौर. मप्र की पहचान बन चुके मालवा उत्सव का बुधवार को शुभारंभ हुआ. लोक संस्कृति मंच एवं नगर पालिका निगम, संस्कृति संचनालय मध्यप्रदेश के सहयोग से मनाए जा रहे इस उत्सव में आज कला प्रेमियों की उपस्थिति दशहरा मैदान परिसर पर देखी गई.**



आज कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर कलाकारों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई. मंच पर विभिन्न राज्यों से आए कलाकार एवं स्थानीय कलाकार मौजूद थे. लोक संस्कृति मंच के संकल्प वर्मा एवं पवन शर्मा ने बताया कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं स्थानीय विधायक मालिनी गोड भी मौजूद थी सांसद शंकर लालवानी की उपस्थिति में शुभारंभ कार्यक्रम संपन्न हुआ. मालवा उत्सव में भील आदिवासी जनजाति का भगोरिया नृत्य आदिवासी अंचल की बानगी दिखा रहा थां. छत्तीसगढ़ से आए कलाकारों द्वारा गेड़ी नृत्य जो कि गोंड मोरिया और भत्रा जनजाति द्वारा किया जाता है, प्रस्तुत किया गया. मानसून के समय किया जाने वाला यह नृत्य लयबद्ध तरीके से बंबू स्टिक पर पुरुषों के द्वारा महिलाओं सथ खूबसूरती से पेश किया गया. स्थानीय कलाकारों पूजा पटवर्धन समूह ने कालिया मर्दन का शास्त्रीय रूप में प्रस्तुतिकरण दिया. वहीं कलाकारों द्वारा राम स्तुति और हनुमान चालीसा की प्रस्तुति नृत्य के माध्यम से दी गई. ओडिसी नृत्य का भी प्रस्तुतीकरण हुआ. लोक संस्कृति मंच के संयोजक शंकर लालवानी ने बताया कि पांडा गांव गोवा के प्राचीन मंदिर मंगेश मंदिर की प्रतिकृति बने मंच पर जनजाति एवं लोक नृत्यों ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी. मंच के दीपक लवंगडे ने बताया कि शिल्प मेला शाम बजे से लालबाग पर प्रारंभ हुआ जिसमें कला प्रेमियों की उपस्थिति दर्ज की गई.




**मछुआरों जैसे परिधान में प्रस्तुत किया नृत्य**

लोक संस्कृति मंच के संकल्प वर्मा एवं विशाल गिद्वानी ने बताया कि गोवा की कुनबी जनजाति के द्वारा किया जाने वाला परंपरागत नृत्य कुनबी प्रस्तुत किया गया जिसमें मछुआरों जैसे परिधान में प्रस्तुत किया गया. तेलंगाना राज्य का गुस्साडी नृत्य जो की राज गोंड जनजाति द्वारा दीपावली के बाद आने वाले फेस्टिवल में किया जाता है बड़ा ही खूबसूरत बन पड़ा था. गुजरात का सिद्धि धमाल भी आकर्षण का केंद्र रहा. प्राचीन गरबा रास जिसमें लाल पीली चनिया चोली पहनकर नृत्य किया गया यह नवरात्रि के अवसर पर किया जाने वाला रास है, वही झाला वारी रास का प्रस्तुतीकरण भी खास रहा. महाराष्ट्र सांगली से आए कलाकारों द्वारा भगवान वारोबा देवता की आराधना धनगरी गाजा नृत्य के द्वारा की गई. आदिवासी तलवार नृत्य गुजरात के 21 कलाकारों द्वारा जिसमें से 8 महिलाएं थी प्रस्तुत किया गया. मालवा की मटकी जिसमें छतरी के साथ मटक मटक कर डांस किया गया. चटकीले रंगों के परिधान में यह नृत्य खूबसूरत बन पड़ा था.